# भा.कृ.अनु.प.-निआप द्वारा 14 फरवरी 2024 को 'राजभाषा कार्यशाला' का आयोजन

भा.कृ.अनु.प. - राष्ट्रीय कृषि आर्थिकी एवं नीति अनुसंधान संस्थान (निआप), नई दिल्ली द्वारा 14 फरवरी 2024 को महत्वपूर्ण और समसामायिक विषय "अनाधिकृत गतिविधियाँ या फ्रॉड; जागरूकता, सतर्कता एवं सुरक्षा" (Unauthorized activities or Fraud; Awareness, Alertness and Safety) पर राजभाषा हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उदघाटन संस्थान के निदेशक और अध्यक्ष -राजभाषा डॉ प्रताप सिंह बिरथल जी ने किया। डॉ बिरथल ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल क्रांति के इस युग में, कार्यालय की क्षमता को बढ़ाने के लिए, नई-नई तकनीकियों का प्रयोग किया जा रहा है। कार्यालय एवं सभी स्टाफ द्वारा डिजिटल तकनिकी के प्रयोग के साथ-साथ सायबर क्राइम और वित्तीय धोखाधड़ी के नित नए तरीको के प्रति भी निरंतर सजगता की आवश्यकता है। इस अवसर पर HDFC बैंक के क्रेडिट इंटेलिजेंस एवं नियंत्रण विभाग से विशेषग्य श्री प्रशांत खुराना, एरिया मैनेजर एवं श्री रमण सिंह कँवर, लोकेशन मैनेजर द्वारा विभिन्न तरह के धोखाधड़ी के तरीके, उनके कारण और सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी, बहुत ही सरल तरह से, हिंदी माध्यम में दी। साथ ही गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सभी राज्यों के लिए जारी पोर्टल (राष्ट्रीय सायबर अपराध समन्वय केंद्र - NCRP) और राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर (1930) की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। स्टाफ के सभी प्रश्नों के जवाव एवं वित्तीय विनिमय आदि में आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए सुझाव दिए। राजभाषा कार्यशाला में संस्थान के सभी वैज्ञानिक, तकनिकी, प्रशासनिक, शोध छात्र, एवं संविदा कर्मचारियों ने भाग लिया।




भा.कृ.अनु.प.-निआप के निदेशक और राजभाषा अध्यक्ष डॉ प्रताप सिंह बिरथल जी द्वारा कार्यशाला में संबोधन




HDFC बैंक से विशेषग्य श्री प्रशांत खुराना, एरिया मैनेजर, व्याख्यान देते हुए




HDFC बैंक से विशेषग्य श्री रमण सिंह कँवर, लोकेशन मैनेजर, व्याख्यान देते हुए



कार्यशाला में संस्थान के सभी स्टाफ




निदेशक-निआप एवं HDFC विशेषग्य - रूरल हाउसिंग एवं अन्य योजनाओ द्वारा किसानो की सम्पन्नता बढ़ाने पर चर्चा करते हुए